तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 26 जून 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 डूबान क्षेत्र में बस रही हैं अवैध बस्तियां, बाढ़ में भरेगा पानी



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा स्थगित

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभाकक्ष में 26 जून को दोपहर 2 बजे सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई है। जनपद पंचायत सीईओ ए.पन्ना ने बैठक का एजेण्डा जारी कर दिया गया था, जिसके मुताबिक बैठक में विभागीय समीक्षा, पेंशन/सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दुकान नीलामी पर चर्चा, तालाब प्लीज पर चर्चा, 15 वां वित बीपीडीपी कार्य योजना वर्ष 2024 - 25 पर चर्चा एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जानी थी, अपितु उक्त बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है, जिसकी सूचना सभी सदस्यों दे दी गई है।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव- राहत के निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** राजस्व अधिकारी, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को जिले में स्थापित समस्त वर्षा मापक यंत्रों का उचित संधारण कर वर्षा एवं वर्षा से हुई क्षति की जानकारी तथा नवगठित तहसीलों में वर्षा मापक यंत्र स्थापित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष क्रमांक 14 में स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07771-299055 है। उक्त नियंत्रण कक्ष 24 घंटा कार्य करेगा, इसके अतिरिक्त आपात स्थिति में इन दूरभाष नंबरों के अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी प्रितेश राजपूत, डिप्टी कलेक्टर मोबाइल नंबर 9770615471, जिला सेनानी एवं प्रभारी फायर बिग्रेड अधिकारी संजय गुप्ता मोबाइल नंबर 8319140403, पुलिस नियंत्रण 100 अथवा 112 जिला चिकित्सालय कार्यालय के सीमेन्द्र गण्डल मोबाइल नंबर 7000272749 पर त्वरित सूचना प्रेषित किए जाए, इसके अतिरिक्त आपके कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने कहा गया है।

### पुरस्कार के लिए आवेदन 15 तक

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार मंत्रालय द्वारा पदम पुरस्कार की श्रृंखला में पद्म विभूषण पद्म, भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2025 के लिए नामांकन प्रस्ताव 15 सिंतबर 2024 तक ऑनलाईन के माध्यम से चाही गई है। पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य, पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव विभाग के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग को 30 अगस्त तक प्रेषित किए जाने के निर्देश हैं। उपरोक्तानुसार खेल के क्षेत्र में पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार के लिए भारत सरकार के गाइडलाइन अनुसार निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य, पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए जाने हैं।

### श्रम मंत्रालय ने बजट में किया इजाफा

**मनेन्द्रगढ़।** यूनियन बजट 2024-25 के लिए बैठक में संघटन के अध्यक्ष डॉ.दीपक जायसवाल ने श्रमिक हित में सुझाव दिए। निर्मला सीतारमन केन्द्रीय वित्तमंत्री एवं देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंता नागेश्वर के साथ 24 जून को वित्त मंत्रालय नार्थ ब्लॉक नई दिल्ली में यूनियन बजट 2024-25 के लिए बैठक में संघटन के अध्यक्ष डॉ.दीपक जायसवाल ने श्रमिक हित में सुझाव दिए। श्री जायसवाल ने बताया कि देश में 30 करोड़ असंघटित वर्कर ई श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत हैं, जिन्हें तत्काल डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से तीन हजार रुपए स्थांतरित किए जाएं। देश में श्रमिकों को न्याय दिलाने के लिए श्रम मंत्रालय के बजट में इजाफा किया जाए। देश में सेंट्रल गवर्नमेंट इंडुएट्रियल ट्रिब्यूनल की संख्या बढ़ाई जाएं, दत्तापंत ठेड़गी नेशनल बोर्ड फॉर वर्कर्स एजुकेशन को कौशल विकास एवं रोजगार के लिए बजट आवंटित किया जाए। इसिक और एपफओ का दायरा बढ़ाया जाए, इसमे असंघित वर्करों को भी शामिल किया जाएं।

## निरीक्षण के दौरान कई तरह की खामियां नजर आई

# विधायक राजवाड़े ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- बोले- नहीं सुधरी व्यवस्था तो मैं यहीं आकर रहूंगा

क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाडे मंगलवार की दोपहर अचानक जिला अस्पताल बैकुंठपुर के निरीक्षण करने पहुंच गए। इस दौरान विधायक विधायक ने अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिए तो वहां कई तरह की खामियां सामने आई। इस दौरान विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों ने विधायक से अव्यवस्था को लेकर शिकायते भी की।

इस पर विधायक ने मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सेंगर एवं जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र बंसरिया, आरएचओ डॉ. अनित बखला को अव्यवस्था को तत्कालन सुधार करने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में उपचार कराने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले लोगों को विभिन्न तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों व उनके परिजन में अस्पताल की अव्यवस्था को लेकर आए दिन शिकायत बनी रहती है।

जानकारी के अनुसार विधायक करीब दो घंटे तक जिला अस्पताल में रहे। इस दौरान वार्डो सहित जिला अस्पताल का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिए, साथ ही मरीजों को शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधा का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी मरीजों व उनके परिजन से बातचीत कर ली गई। उल्लेखनीय है कि विधायक भईयालाल राजवाडे जब संसदीय सचिव तथा श्रम मंत्री रहे, तब भी जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचते रहते थे ,उस दौरान भी अव्यवस्थाओं के लेकर नाराजगी जताते रहे हैं, इसके अलावा पूर्व के कलेक्टरों द्वारा भी जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया जाता रहा, बावजूद इसके जिला अस्पताल बैकुंठपुर का हाल बेहाल है, जिसका खामियाजा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले मरीजों व उनके परिजन को उठाना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में कोरिया जिले ही नहीं बल्कि नवगठित एमसीबी जिला के अलावा पड़ोसी सूरजपुर जिला तथा कोरबा जिले से भी काफी संख्या में मरीज बेहतर उपचार के आस में यहां पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें यहां विभिन्न तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ता है, ऐसे में जरूरी है कि जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर की व्यवस्था को सुधार करने की दिशा में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का औचक निरीक्षण जरूरी है।





निरीक्षण करते क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े।

### रात में मरीज भगवान भरोसे

जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल जिला अस्पताल में वैसे को कई खामियां निरीक्षण के दौरान मिली, वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों की शिकायत रहती है कि रात्रि के दौरान चिकित्सक नहीं रहते सिर्फ नर्सिंग स्टाफ के भरोसे भर्ती मरीज रहते हैं, ऐसे में कई बार आपात स्थिति के लिए चिकित्सक नहीं मिलने से मरीजों व उनके परिजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार कई बार रात्रि के समय आपात स्थिति में आने वाले कुछ मरीजों को रिफर करने के सिवाए कोई चारा नहीं रहता है।

### मीनू के अनुसार नहीं मिलता भोजन

मरीजों के शिकायत के अनुसार जिला अस्पताल बैकुंठपुर में भर्ती मरीजों को मीनू के अनुसार प्रतिदिन भोजन भी नहीं मिलता है, जबकि प्रतिदिन के लिए नाश्ता एवं दोनों समय के भोजन के लिए मीनू निर्धारित किया गया है,बावजूद इसके मीनू के अनुसार भर्ती मरीजों को भोजन नहीं मिलने की शिकायत हमेशा ही रहती है। वहीं विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों की यह भी शिकायत रहती है कि कभी किसी मरीज को बेडशीट भी नहीं मिलता है, लोग अपने घरों से लाए बेडशीट का उपयोग करते हैं।

### व्यवस्था सुधारों नहीं तो यहीं बैठूंगा

जिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान मिली तमाम तरह की खामियों से नाराज विधायक भईयालाल राजवाडे ने भड़कते हुए उपस्थित सीएमएचओ, अस्पताल अधीक्षक को कहा कि व्यवस्था सुधारों नहीं तो मेरे लिए एक कमरा बनवाओं मैं यही आकर बैठूंगा या मेरा प्रतिनिधि रहेंगे और मरीजों की समस्याओं को सुनेंगे। विदित हो कि श्रममंत्री रहने के दौरान भी श्री राजवाडे जिला अस्पताल बैकुंठपुर पहुंचते थे। इस दौरान एक बार रात्रि में किसी मरीज की शिकायत के बाद उसकी गर्भवती पत्नी को यहां से रिफर कर रहे थे,तब आपात स्थिति को देखते हुए मध्य रात्रि को जिला चिकित्सालय में पहुंच गए थे और चिकित्सकों को यहां ही गर्भवती का प्रसव कराने को कहा और सफलता पूर्वक प्रसव कराया गया, तब जाकर सुबह के समय श्री राजवाड़े जिला अस्पताल से लौटे।

# सूखा बीत रहा आषाढ़ मानसून सक्रिय नहीं

- किसान चिंतित, उमस भरी गर्मी से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मानसून के पहुंचने के बाद भी मानसून की सक्रियता ज्यादा नहीं है, इसके कारण लोगों को गर्मी उमस से राहत नहीं मिल पाई है। यही वजह है कि इस वर्ष मानसून की बेरूखी के कारण अब तक पर्याप्त बारिश नहीं हो पाई है। इधर आषाढ़ महीने की भी शुरूआत हो गई है और आषाढ़ का तीन दिन बीत भी गया है इसके बाद भी बारिश का पता नहीं है।

इस वर्ष कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में अब तक उम्मीद के अनुरूप बारिश नहीं हो रही है, जबकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों एवं जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से कुछ दूरी पर स्थित क्षेत्रों में इसके पूर्व बीच-बीच में झमाझम बारिश हो चुकी है, लेकिन बैकुंठपुर शहर में लोगों को झमाझम बारिश होने का इंतजार है, जोकि अब तक पूरा नहीं हो पाया है और आषाढ़ महीने का तीन दिन बीत गया। जानकारी के अनुसार बीते दिनों रात्रि में पटना क्षेत्र के कई गांवों में कुछ देर तक झमाझम बारिश हुई। इसी बीच खरवत,चेरवापारा सहित जिले के कई क्षेत्रों में प्री-मानसून में ही झमाझम बारिश हो चुकी है,लेकिन शहर में बारिश दूर ही रहा है।


### पारा लुढ़का पर उमस बरकरार

शहर में झमाझम बारिश नहीं होने के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है और इससे राहत पाने के लिए कूलर, पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं जिले के कई क्षेत्रों में बीते दिनों हुई झमाझम बारिश के कारण तापमान का पारा लुढ़क गया है। मंगलवार को शहर का तापमान 34 डिग्री पर रहा, लेकिन उमस भरी गर्मी बरकरार रही। दिन के साथ रात में भी घर पर उमस से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जब तक जमकर कुछ दिन बारिश नहीं होती, तब तक उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है।

### बिन बरसे ही लौट रहे बदरा

शहर क्षेत्र में अब तक झमाझम बारिश होने का इंतजार है। ऐसा नहीं कि आसमान में बादल नहीं छा रहे हैं। बीते एक सप्ताह से दिन दोपहर में बादलों का डेरा असामान में जमने लगता है, जो शाम ढलने तक बना रहता है, इसके बावजूद बिन बरसे ही बादल छँट जा रहे हैं। इस बीच एक-दो दिन ऐसा हुआ कि घने काले बादलों के द्वारा हल्की बूंदाबांदी कर थम गई। मानसूनी सिस्टम के कारण शहर में अब तक लोगों को झमाझम बारिश का इंतजार है।

# आज से खुलेंगे स्कूलों के पट



फाइल फोटो

- विद्यालयों में मनाया जाएगा शाला प्रवेश उत्सव

**बैकुण्ठपुर।** दो माह के ग्रीष्मावकाश के बाद 26 जून को विद्यालयों के पट खुल जाएंगे। इस तरह लंबे अंतराल के बाद स्कूल खुलने पर फिर से विद्यालय परिसर बच्चों से गुलजार होंगे, इसके पूर्व 18 जून को ही विद्यालय खोलने थे, लेकिन प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार ने 25 जून तक ग्रीष्मावकाश की अवधि को बढ़ा दिया था।

वहीं इस वर्ष गर्मी को देखते हुए 20 अप्रैल से ही बच्चों को ग्रीष्मावकाश दे दिया गया था। इस तरह इस बार दो माह का ग्रीष्माकाश दिया गया, इसके बाद आज से शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरूआत आज से हो रही है। शाला खुलने के पूर्व ही संस्था प्रमुखों को विद्यालय परिसर व विद्यालय की आवश्यक साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए थे, जिससे कि विद्यालय खुलने के दिन अव्यवस्था का आलम न दिखाई दे। बुधवार को स्कूल खुलने के साथ ही जिलेभर के विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा और नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर प्रवेश दिलाया जाएगा। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पालकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शाला प्रवेशोत्सव को लेकर विभागीय अधिकारियों के द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, इसे लेकर सभी स्कूलों में शाला परिसर की साफ-सफाई पूर्ण कर लिया है और उल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियां की गई है।

### गणवेश व निःशुल्क पुस्तक वितरण

26 जून को स्कूल खुलने के साथ ही जहां धूमधाम के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा, वहीं इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों एवं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यालयों को पहले ही दिन निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण करने के साथ गणवेश का वितरण किया जाएगा।

### पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी

**मनेन्द्रगढ़।** कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष ई-गवर्नेंस समिति में रिक्त ई-जिला प्रबंधक नियुक्ति के लिए विज्ञापन का प्रकाशन किया गया था। इसमें निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त आवेदनों से पात्र व अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। उक्त सूची अनुसार अभ्यर्थी अपना दावा आपत्ति आवेदन 28 जून को कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक कार्यालय ई-मेल आईडी पर दावा आपत्ति कर सकते हैं।

# पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए करें पौधरोपणः झा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोल मंत्रालय के निर्देश के अनुपालन में एसईसीएल बिलासपुर के सभी क्षेत्रों में 16 से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

25 जून को बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत कटकोना सब एरिया के समीप बरदिया ग्राम में एसईसीएल कंपनी सुरक्षा समिति के सदस्य बी धमार्राव, संजय सिंह, कमलेश शर्मा, इंद्रदेव चौहान, गौरीशंकर प्रसाद, बीएस निषाद एवं बैकुंठपुर क्षेत्र के जीएम बीएन झा की उपस्थिति में काफी संख्या में ग्रामीणों को कॉटन बैग, डस्टबीन एवं पौधा वितरण किया गया। इस अवसर पर वहां एकत्रित सभी ग्रामीणों को प्लास्टिक का इस्तेमाल करने से होने वाले दुष्प्रभावों एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान के विषय में समझाया गया, साथ ही कॉटन बैग का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए सलाह दी गई। बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा ने ग्रामीणजन को अधिक से अधिक पौधरोपण करके बदलते जलवायु को संतुलित करने सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

जल संसाधनों का उचित प्रयोग करते हुए जल संरक्षण करने के लिए भी सभी को सचेत किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह से कही गई बातों को ध्यान से सुना और वितरित किए गए कॉटन बैग एवं डस्टबीन का सही इस्तेमाल करने के साथ-साथ पौधरोपण करने की बात कही।



पौधा वितरण करते जीएम।

# 5 दिवसीय पंचमढ़ी शिविर के लिए रवाना हुए स्काउट्स गाइड्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर छग के तत्वाधान में राष्टीय साहसिक संस्थान पंचमढ़ी मध्यप्रदेश में 26 से 30 जून तक पांच दिवसीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के कुशल नेतृत्व में छग शासन के सहयोग से हो रहा है।

इस शिविर के लिए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जिला शिक्षा अधिकारी सह पदेन जिला आयुक्त स्काउट अजय कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार, सहायक जिला आयुक्त बलबिंदर सिंह के मार्गदर्शन,सहायक राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र कुमार मिश्रा और सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती जेरामिना एक्का के दिशा-निर्देशन में विकासखंड खड़गवां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या चिरमिरी, उधनापुर, खड़गवां, शासकीय हाईस्कूल दुबछोला, तोलगा, मझौली, पैनारी व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंजारीडांड़ से 8 स्काउट एवं 14 गाइड दल प्रभारी जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शांतनु कुर्रे और गाइड कैप्टन उमा साहू के नेतृत्व में पंचमढ़ी के लिए रवाना हुए। चिरमिरी रेल्वे स्टेशन पहुंच कर प्रशिक्षण में सफल प्रतिभागी के लिए उत्साहवर्धन व शुभकामनाएं प्रेषित करने के लिए विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी खड़गवां सह पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट बलविंदर सिंह, प्राचार्य द्वय मंजीत सिंह परमार व बिजेन्द्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त गाइड सोनम कश्यप, आजीवन सदस्य प्रवासी गौड़,सीएसी शंभूनारायण सिंह, गाइडर श्रीमती अंजू महंत तथा स्काउटिंग भावना से प्रेरित बसंत महंत, स्काउटर के. प्रफुल्ल रेड्डी एवं पालकगण उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को शुभकामना प्रेषित करते हुए मंगलमय यात्रा की कामना की।



पंचमढ़ी के लिए रवाना होते स्काउट्स गाइड्स।

## जिम्मेदार कर रहे अनदेखी, जागरुकता की कमी से तालाब में प्रदूषण

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे प्रमुख जल स्त्रोत, साफ-सफाई का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

सरोवर और जलाशय आज भी निस्तारी जल का प्रमुख स्त्रोत हैं, पर नगर पालिका में बैठे जिम्मेदार लोगों की उपेक्षा के कारण शहर के तालाब प्रदूषित होते जा रहे हैं।

कूड़ा-करकट इन तालाबों में डाल दिए जाते हैं, इससे दिनों-दिन जल स्त्रोत अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। जल स्त्रोतों को साफ रख कर इन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है। हमारा दायित्व है कि बुजुर्ग जिन धरोहरों को हमारे हवाले कर गए हैं, उन्हें साफ और स्वच्छ रखें। शहर में आज भी काफी संख्या में लोग निस्तारी जल के उपयोग के लिए तालाब पर निर्भर रहते हैं। शासन ने कई योजनाओं से इन तालाबों की किस्मत बदलने का प्रयास किया, पर लोगों की जागरूकता के अभाव में दिनों दिन ये तलाब प्रदूषण की मार झेलने पर विवश हो रहे हैं। लोग कूड़े-करकट और गंदगी डालकर इन शुद्ध जल स्त्रोतों को प्रदूषित करने से बाज नहीं रहे हैं, वहीं नगर पालिका प्रशासन भी इन तालाबों की सफाई के प्रति उदासीन है। शहर के तीन बड़े तलाब जोड़ा तालाब, सरोवर मार्ग स्थित सरोवर बदन सिंह मोहल्ला के पास स्थित तालाब एवं बाकी नदी को बड़ी संख्या में लोग निस्तारी के लिए उपयोग करते हैं। नहाने-धोने के साथ पूजा-पाठ के अवसरों पर इन तालाबों के परिसर में पूरा शहर उमड़ आता है। यहां के पानी का उपयोग आसपास के नागरिक करते हैं,लेकिन दिनों-दिन कचरा डालने से यहां का पानी प्रदूषित होते जा रहा है। हम सब का दायित्व है कि इन धरोहरों को सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी निभाएं।



तालाब में गंदगी।

### ऐसे रख सकते हैं सुरक्षित

तालाबों, जलाशयों में कचरा न डालें, ये सड़कर पानी को प्रदूषित करते हैं। तालाबों में प्लास्टिक के कचरे न डालें, प्लास्टिक के कचरे सड़ते नहीं, उथला बनाने में सहायक होते हैं। अमूमन देखा जाता है कि इन तालाबों में वेस्टेज फूलों के कचरे डाले जाते हैं,जो सड़कर पानी को प्रदूषित करते हैं। हम फूलों को ऐसे स्थानों पर प्रवाहित करें, जहां बहता पानी हो। तालाब के किनारे गंदगी न फैलाएं, क्योंकि इन तालाबों से कई लोगों का निस्तार होता है। गंदगी के रोगाणु फैल कर पानी में चले जाते हैं और शरीर के लिए नुकसानदायक होते हैं। अपने बहुमूल्य समय में से थोड़ा समय निकाल कर ऐसे तालाबों के संरक्षण पर अभियान चला कर साफ-सफाई करें। ऐसा करने के लिए लोगों को भी प्रेरित करें, इससे हमारे ये बहुमूल्य धरोहर आने वाली कई पीढ़ियों तक स्वच्छ जल देते रहेंगे।

### जल संरक्षण में दें योगदान

हम थोड़ा सा प्रयास कर जीवनदायी इन तालाबों का भविष्य संवार सकते हैं। ये हमसे कुछ लेते नहीं, मांगते नहीं, हमेशा देते रहे हैं। शुद्ध जल और हमारे निस्तार के जल संकट को हल करते रहे हैं, इसलिए हमारा कर्तव्य भी है कि इन धरोहरों को संरक्षित करने में अपना योगदान दें। शासन ने जन सहभागिता श्रमदान से इन तालाबों को संवारने के लिए कई बार प्रयास किया, पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने एक-दो बार इसके किनारों की सफाई कर दोबारा इस ओर देखना मुनासिब नहीं समझा, इसके अलावा इन तालाबों में गंदगी फेंकने वाले लोगों की कमी नहीं है। जल अमूल्य है और इसका संरक्षण जरूरी है। आसपास के शहर के लोग इन तालाबों में ऐसे कचरे डाल रहे हैं, जो केवल बीमारी को आमंत्रित करते हैं,बल्कि इन तालाबों के अस्तित्व के लिए भी संकट का कारण बनते जा रहे हैं।



